ई-1407949

संख्या-08/2025/713/52-1-2025

प्रेषक,

अरविन्द कुमार गिरि,

अनु सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,

अल्पसंख्यक कल्याण, उत्तर प्रदेश,

इन्दिरा भवन, लखनऊ ।

अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ अनुभाग-1 लखनऊ : दिनांक 08 सितम्बर, 2025

विषय- प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम योजनान्तर्गत स्वीकृत 07 निर्माणाधीन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की अवशेष धनराशि (केन्द्रांश एवं राज्यांश) SNA से आहरित कर व्यय किये जाने की अनुमति प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र सं.-1724/अ.सं.क.नि./पी.एम.जे.वी.के./285(3)/2025 दिनांक 11.08.2025 एवं पत्र सं.-1745/अ.सं.क.नि./पी.एम.जे.वी.के./एस.एन.ए./अन्त.-478(452029)/2025 दिनांक 12.08.2025 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करें, जिनके द्वारा प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम योजनान्तर्गत स्वीकृत 07 निर्माणाधीन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की अवशेष धनराशि अवमुक्त किये जाने का अनुरोध किया गया है

2. इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र सं०-13/49/2021-एम0एस0डी0पी0-मोमा0(1) दिनांक 27.06.2025 द्वारा केन्द्रांश रू० 25000.00 लाख की धनराशि अवमुक्त की गयी। उक्त अवमुक्त केन्द्रांश के सापेक्ष समानुपातिक राज्यांश रू० 14049.630 लाख सम्मिलित करते हुए एस0एन0ए0 में अन्तरित कुल धनराशि रू० 39049.630 लाख के सापेक्ष **प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम योजनान्तर्गत स्वीकृत 07 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की द्वितीय किश्त केन्द्रांश की अवशेष धनराशि रू० 2501.629 लाख (रूपये पच्चीस करोड़**

https://snasanadesh.up.gov.in

एक लाख बहसठ हजार नौ सौ मात्र) एवं द्वितीय किश्त राज्यांश की अवशेष धनराशि रू० 1667.753 लाख (रूपये सोलह करोड़ सरसठ लाख पच्हत्तर हजार तीन सौ मात्र) अर्थात कुल धनराशि रू० 4169.382 लाख (रूपये इक्तालीस करोड़ उन्हत्तर लाख अड़तिस हजार दो सौ मात्र) चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में निम्न विवरणानुसार SNA पूल फण्ड से आहरित कर व्यय किये जाने के बिन्दु पर अनुमति प्रदान किये जाने हेतु श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

(धनराशि रू० लाख में)

क्र०सं०	जनपद	परियोजना	कार्यदायी संस्था	यूनिट	अनुमोदित लागत	परियोजना हेतु अद्यतन निर्गत कुल धनराशि			अवमुक्त हेतु प्रस्तावित अवशेष धनराशि		
						केन्द्रांश	राज्यांश	कुल (योग)	केन्द्रांश	राज्यांश	कुल (योग)
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
1	हरदोई	वि0ख0 सण्डीला में राजकीय आई0टी0आई0 का निर्माण	उ0प्र0 समाज कल्याण निर्माण निगम (यू0पी0 सिडको)	1	1123.170	336.951	224.635	561.586	336.949	224.635	561.584
2	लखीमपुरखीरी	फूलबेहड़ में राजकीय महिला आई0टी0आई0 का निर्माण	उ0प्र0 राज्य निर्माण सहकारी संघ लि0	1	1260.000	378.000	252.000	630.000	378.000	252.000	630.000
3	शामली	उन (पिन्डौरा) में राजकीय महिला आई0टी0आई0 का निर्माण	उ0प्र0 राज्य निर्माण सहकारी संघ लि0	1	1260.000	378.000	252.000	630.000	378.000	252.000	630.000
4	जौनपुर	राजकीयमहिला आई0टी0आई0 सिद्दीकपुर का निर्माण एवं नये 06 ट्रेड हेतु उपकरण	उ0प्र0 राज्य निर्माण सहकारी संघ लि0	1	1178.860	353.658	235.772	589.430	353.658	235.772	589.430
5	गाजीपुर	भदोरामें राजकीय आई0टी0आई0 का निर्माण	उ0प्र0 प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि0	1	1260.000	378.000	252.000	630.000	378.000	252.000	630.000
6	गोण्डा	बभनजोतमें राजकीय आई0टी0आई0 का निर्माण	उ0प्र0 प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि0	1	1260.000	378.000	252.000	630.000	378.000	252.000	630.000
7	सहारनपुर	राजकीयआई0टी0आई0 नागल	उ0प्र0 प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि0	1	996.740	299.022	199.350	498.372	299.022	199.346	498.368
			योग	**7**	8338.77	2501.631	1667.757	4169.388	**2501.629**	**1667.753**	**4169.382**

https://shasanadesh.up.gov.in

3. अवमुक्त धनराशि का उपभोग निम्नलिखित शर्तों/प्रतिबन्धों के अधीन किया जायेगा :-

(1)- उक्त धनराशि राज्य सरकार के एस0एन0ए0 में अन्तरित/आहरित कर व्यय किये जाने हेतु निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण के निर्वतन पर रखी जायेगी।

(2)- वित्त विभाग के शासनादेश दिनांक 27.03.2025, 04.03.2024, 19.09.2023 एवं 17.03.2023 में दिये गये दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(3)- प्रश्नगत राज्यांश की धनराशि के आहरण एवं व्यय के पूर्व यह सुनिश्चित किया जायेगा कि तत्सम्बन्धी मैचिंग केन्दांश अवमुक्त है।

(4)- प्रश्नगत धनराशि के आहरण एवं व्यय के पूर्व यह सुनिश्चित किया जायेगा कि पूर्व निर्गत किया गया राज्यांश कोषागार से आहरित नहीं किया गया है।

(5)- प्रश्नगत योजनान्तर्गत केन्द्रांश उपलब्ध है, यह सुनिश्चित किये जाने के उपरान्त ही धनराशि का कोषागार से आहरण किया जायेगा।

(6)- प्रश्नगत योजना पर राज्य सरकार एवं भारत सरकार के सक्षम स्तर का अनुमोदन प्राप्त है, यह सुनिश्चित किया जायेगा।

(7)- प्रश्नगत परियोजना हेतु स्वीकृत धनराशि के व्यय में वित्तीय नियमों का पालन किया जायेगा तथा केन्द्र सरकार द्वारा इस वित्त पोषित योजना के सम्बन्ध में लगाई गयी शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(8)- अवमुक्त धनराशि निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा उपरोक्त तालिका के कॉलम-4 में अंकित कार्यदायी संस्था को हस्तान्तरित की जायेगी। कार्य को अनुमोदित लागत से निर्धारित समयावधि में गुणवत्ता एवं मानक के अनुसार पूर्ण किया जायेगा। यदि इस मद में कोई वृद्धि होती है तो अतिरिक्त धनराशि नहीं दी जायेगी एवं भविष्य में कोई भी पुनरीक्षित आंगणन किसी भी दशा में अनुमन्य नहीं होगा।

(9) प्रश्नगत धनराशि के आहरण एवं व्यय के दौरान योजना विषयक गाइड लाइन्स का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(10) यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि प्रायोजना का सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात ही कार्य कराया जायेगा। कार्य की गुणवत्ता, मानक एवं विशिष्टियों की जिम्मेदारी निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0 की होगी।

(11) यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि प्रश्नगत कार्य किसी अन्य कार्ययोजना में सम्मिलित नही है तथा इस हेतु पूर्व में किसी अन्य योजना/स्रोत से धनराशि स्वीकृत नही की गयी है।

(12) वित्तीय स्वीकृति का आदेश बजट प्राविधान के सापेक्ष अवशेष धनराशि की उपलब्धता की स्थिति में ही निर्गत किया जायेगा।

(13)- पूर्व में निर्गत शासनादेशों में उल्लिखित शर्तो का अनुपालन अनिवार्यत: सुनिश्चित किया जायेगा।

(14) कार्यदायी संस्था द्वारा आगणन में अनुमोदित सीमा तक ही सेंटेज चार्ज लिया जायेगा।

https://sharanadesh.up.gov.in

(15) आगणन में वर्णित लेबर सेस की कुल धनराशि इस शर्त के अधीन होगी कि श्रम विभाग को उक्त धनराशि का भुगतान किया जायेगा।

(16) परियोजना की लागत में टाइम ओवर रन/कास्ट ओवर रन न हो। अतः इस संबंध में शासन द्वारा निर्गत दिशा निर्देश एवं बजट मैनुअल के प्रस्तर-212 में दिये गये निर्देशों का कडाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(17) यह अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जायेगा कि कार्यो की गुणवत्ता उच्चकोटि की हो तथा समय-समय पर सम्पादित कराये जा रहे निर्माण कार्यो की मानीटरिंग भी किया जायेगा।

(18) स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों, समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।

(19) प्रश्नगत स्वीकृति मानक के संबंध में उपलब्ध करायी गयी सूचना के आधार पर दी जा रही है, यदि मानक के संबंध में कोई सूचना गलत पायी जाती है तो इसका उत्तरदायित्व निदेशालय का होगा।

(20) प्रश्नगत धनराशि के आहरण एवं व्यय के दौरान योजना से सम्बन्धित भारत सरकार की गाइडलाइन्स का अनुपालन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जायेगा ।

(21) केन्द्रपोषित योजनाओं के अन्तर्गत विगत वित्तीय वर्ष की अवशेष धनराशि के वर्तमान वित्तीय वर्ष में व्यय के सम्बन्ध में व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा ऑफिस मेमोरेन्डम संख्या-I/(33)/PFMS/2022 दिनांक 20 मई, 2022 द्वारा निर्गत दिशा-निर्देश का अनुपालन किया जायेगा।

(22) योजनान्तर्गत बाटआउट्स आइटम्स की श्रेणी से आच्छादित कार्यों हेतु कार्यदायी संस्था को कोई भी सेन्टेज चार्ज देय नहीं होगा ।

(23) प्रश्नगत निर्माण कार्य हेतु कार्यदायी संस्था को अवमुक्त की जाने वाली धनराशि को वित्त विभाग के शासनादेश दिनांक 27.03.2025, 04.03.2024, 19.09.2023 एवं 17.03.2023 में उल्लिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धो अधीन आवश्यक धनराशि कोषागार से आहरण कर कार्य की आवश्यकता के अनुसार कार्यदायी संस्था को उपलब्ध करायी जाय।

(24) कार्यदायी संस्था द्वारा निर्माण स्थल पर एक बोर्ड तैयार किया जायेगा, जिस पर योजना के स्वीकृत होने की तिथि, पूर्ण होने की तिथि, लागत, वित्त पोषण के स्रोत तथा लक्ष्य प्राप्त करने की तिथि आदि का अंकन किया जायेगा।

(25) अनुदान ग्राही द्वारा योजनान्तर्गत अवमुक्त की जा रही धनराशि का एक पृथक खाता मेन्टेन किया जायेगा। अवमुक्त धनराशि पर यदि कार्यदायी संस्था द्वारा ब्याज अर्जित किया गया है तो उसकी वसूली निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा करके उसे राजकोष में जमा कराया जायेगा ।

(26) अवमुक्त धनराशि के व्यय के उपरान्त जिलाधिकारी से हस्तान्तरित उपभोग प्रमाण-पत्र, त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट तथा निर्माण कार्य के फोटोग्राफ्स की सूची की दो-दो प्रतियां

https://shasanadesh.up.gov.in

निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0 को उपलब्ध करायी जायेंगी। तदोपरान्त निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित उपभोग प्रमाण-पत्र व उक्त अन्य अभिलेख शासन को उपलब्ध कराये जायेंगे।

(27) उक्त परियोजनाओ हेतु पूर्व में निर्गत की गयी धनराशि की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति से संतुष्ट होने के पश्चात ही निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण द्वारा सम्बन्धित कार्यदायी संस्थाओं को धनराशि निर्गत की जायेगी।

(28) निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि प्रकरण में पूर्व निर्गत धनराशि के उपभोग प्रमाण पत्र एवं गुणवत्ता आदि से संतुष्ट होने के उपरान्त ही प्रश्नगत परियोजनाओं की धनराशि निर्गत की जाय।

4- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 27.03.2025, 04.03.2024, 19.09.2023 एवं 17.03.2023 में प्रदत्त दिशा-निर्देशों के अनुसार जारी किया जा रहा है।

भवदीय,

(अरविन्द कुमार गिरि)

अनु सचिव।

संख्या-713(1)/बावन-1-2025-तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2. महालेखाकार, (लेखा परीक्षा) प्रथम एवं द्वितीय उ0प्र0, इलाहाबाद।
3. बजट अधिकारी, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन।
4. अवर सचिव, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार 11वां तल, पं० दीनदयाल अन्त्योदय भवन, सी0जी0ओ0 काम्पलेक्स लोधी रोड, नई दिल्ली।
5. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव सम्बन्धित विभाग को इस आशय से प्रेषित कि प्रश्नगत परियोजनाओं के निर्माण हेतु निर्धारित मानकों का अनुपालन करने एवं गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने के सम्बन्ध में अपने स्तर से भी यथावश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने हेतु सम्बन्धित अधिकारी को यथावश्यक निर्देश देने का कष्ट करें।
6. निजी सचिव, मा0 मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण एवं हज को मा. मंत्री जी के अवलोकनार्थ।
7. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ विभाग को प्रमुख सचिव महोदया के अवलोकनार्थ।
8. उपरोक्त तालिका के कॉलम-4 में अंकित कार्यदायी संस्था के निदेशक/प्रबन्ध निदेशक को इस आशय से प्रेषित कि प्रश्नगत परियोजनाओं के निर्माण कार्य समयान्तर्गत/गुणवत्तापूर्ण सुनिश्चित करने का कष्ट करें।
9. निदेशक, सम्बन्धित विभाग।

https://shasanadesh.up.gov.in

10. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
11. सम्बन्धित जनपदों के जिलाधिकारी/जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी।
12. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 को तीन स्वच्छ प्रति तथा वित्त-ई-4 को 01 प्रति।
13. लेखाधिकारी/वेब अधिकारी, अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त स्वीकृति अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
14. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(अरविन्द कुमार गिरि)

अनु सचिव।

https://shasanadesh.up.gov.in